# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग
# शैक्षिक सत्र-2023-24
# विषय : हिन्दी (आधार)
# विषय कोड: 302
# कक्षा: बारहवीं

निर्धारित समय : **3** घंटे
अधिकतम अंक : **80**

**प्रश्नपत्र संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश :**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड ‘अ’ और ‘ब’ हैं एवं कुल प्रश्न संख्या **14** है ।
- खण्ड –अ में **40** प्रश्न बहुविकल्पीय/ वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए है | सभी प्रश्नों के उत्तर देनें हैं
- लेखन की शुद्धता और स्पष्टता का विशेष ध्यान रखें ।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न को समुचित तरीके से समझ लें ।
- प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के समक्ष दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

| | खंड ‘अ’ (वस्तुपरक प्रश्न) | |
|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | अपठित बोध | अंक **(15)** |
| **प्रश्न 1.** | निम्नलिखित गद्यांश को रूचिपूर्वक और पूरे मनोयोग से पढ़ें तथा इस पर आधारित प्रश्नों के दिए गए उत्तर विकल्पों में सही विकल्प का चयन करके लिखें-<br>चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया है \| चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बन गया है \| चंद्रमा पर विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर उसमें से निकला और चंद्रमा की सतह पर घूमकर शोध करने लगा और जानकारी भी जुटाने लगा \| 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने वाले चंद्रयान-3 ने अपनी 40 दिनों की लंबी यात्रा पूरी की है \| | **(1x10)** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | भारतीय मीडिया में तो इससे जुड़ी ख़बरें छाई ही हुई हैं, विदेशी मीडिया में भी भारत की इस उपलब्धि की चर्चा है \| ब्रितानी अख़बार 'द गार्डियन' लिखता है कि चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडर उतारकर भारत ने वो कारनामा कर दिखाया है जो अब तक कोई नहीं कर पाया है \| अख़बार लिखता है कि इसके साथ ही भारत अब एक स्पेस पावर बन गया है \|जैसे-जैसे चंद्रयान के चांद पर उतरने की तारीख़ नज़दीक आ रही थी लोगों में इसे ले कर घबराहट बढ़ रही थी \| इसकी सफलता के लिए मंदिरों और मस्जिदों में ख़ास प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं \| वाराणसी में गंगा किनारे श्रद्धालुओं और संतों ने  ने मिशन की सफलता की कामना की \| लेखक डेविड वॉन रियली ने वॉशिंगटन पोस्ट में लिखा कि खोज के लक्ष्य के साथ चांद के दक्षिणी ध्रुव पर गया चंद्रयान का लैंडर अमेरिका की उस कहानी की तरह है जो एक तरह की दौड़ की शुरुआत करता है \| उनका कहना है कि भारत की ये कामयाबी भू-राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक भी है \|  अमेरिका ने सबसे पहले इंसान को चांद पर उतार कर इतिहास बनाया \| वो लिखते हैं, "ये वो दौर था जब हॉलेट-पैकार्ड ने अपना पहला कम्पयूटर बनाया था \|  अख़बार लिखता है कि भारत का लैंडर न केवल चांद पर उतरा बल्कि उसने ये कारनामा स्टाइल के साथ किया \| इस महत्वपूर्ण घटना को भारत में ऐसी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है, जो केवल कुछ ही महान देश कर सकते हैं मंगल अभियान को मिली नाकामी के बाद भारत ने अपने दम पर ही काम करने का फ़ैसला किया \| चंद्रयान-2 कामयाब नहीं हुआ लेकिन चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद लग रहा है कि भारत का फ़ैसला सही था \| चांद को लेकर अमेरिका एक महत्वाकांक्षी आर्टेमिस मिशन पर काम कर रहा है जिसके तहत वो इंसान को इस दशक के आख़िर तक चांद पर भेजेगा. लेकिन उससे पहले उसकी योजना चांद पर रोबोट भेजने की है. अब तक तो वो चांद पर रोबोट नहीं भेज सका है. ऐसे में मौजूदा वक़्त में चांद के दक्षिणी ध्रुव | |

| | | |
|---|---|---|
| | पर अगर किसी एशियाई मुल्क की मौजूदगी है तो वो भारत ही है \| | |
| (i) | भारत ने ऐसा क्या किया जो अभी तक कोई अन्य देश नहीं कर सका है ?<br>(अ )चंद्रयान -3 अभियान<br>(ब) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग<br>(स) अन्तरिक्ष में जाना<br>(द) चाँद की सतह के नमूने एकत्रित करना | 1 |
| (ii) | चन्द्रयान-3 ने कब उड़ान भरी ?<br>(अ)21 जुलाई 2023<br>(ब) 14 जुलाई 2023<br>(स) 30 जुलाई 2023<br>(द) 04 जुलाई 2023 | 1 |
| (iii) | चाद की सतह पर उतरने से पूर्व चद्रयान -3 ने कितने दिन की यात्रा पूरी की ?<br>(अ)40 दिनों की<br>(ब) 42 दिनों की<br>(स) 35 दिनों की<br>(द) एक दिन की | 1 |
| (iv) | किस ब्रितानी अखबार ने भारत के चद्रयान मिशन पर प्रशंसा की -<br>(अ) वाशिंगटन टाईम्स ने<br>(ब) द डेली मिरर ने<br>(स) द गार्डियन ने<br>(द) उपर्युक्त सभी । | 1 |
| (v) | अमेरिका में सबसे पहला कप्यूटर किसने बनाया ?<br>(अ)डेल ने<br>(ब) एपल ने<br>(स) हॉलेट पैकर्ड ने<br>(द) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (vi) | "भारत का लैंडर न केवल चाद पर उतरा बल्कि उसने ये कारनामा स्टाइल के साथ किया!" यह टिप्पणी किस अखबार ने की ?<br>(अ)न्यूयॉर्क टाईम्स<br>(ब) वाशिंगटन पोस्ट<br>(स) एशियन एज<br>(द) द वाल स्ट्रीट जर्नल | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **(vii)** | चाँद को लेकर आर्टेमिश मिशन किस देश की महत्वाकांक्षी योजना है ?<br>(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका की<br>(ब) रूस की<br>(स) ब्रिटेन की<br>(द) चीन की | 1 |
| **(viii)** | वर्तमान में चाँद पर एकमात्र एशियाई देश की उपस्थिति है ?<br>(अ)भारत की<br>(ब) रूस की<br>(स) चीन की<br>(द) पकिस्तान की | 1 |
| **(ix)** | मंदिरों और मस्जिदों में किसकी सफलता के लिए प्रार्थना की गयी ?<br>(अ)चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए<br>(ब) मिसाईल लांच के लिए<br>(स) चाँद पर घर बनाने के लिए<br>(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं। | 1 |
| **(x)** | वाशिंगटन पोस्ट में किस अमेरिकी विद्वान् ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की प्रशंसा की ?<br>(अ)डेविड वॉन रियली<br>(ब) एरिक टिमोथी<br>(स) नोम चोमस्की<br>(द) गैरी एंडरसन | 1 |
| प्रश्न **2** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :-<br><br>जिस भारत ने नभ में जाकर नक्षत्रों को दी है संज्ञा,<br>जिसने हिमगिरि का वक्ष चीर भू को दी है पावन गंगा !<br>जिसने सागर की छाती पर पाषाणों को तैराया है,<br>हर वर्त्तमान की पीड़ा को जिसने इतिहास बनाया है। | **(1x5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | जिसके आर्यों ने घोष किया कृण्वन्तो विश्व आर्यम का,<br>जिसका गौरव कम कर न सकी रावण की स्वर्णमयी लंका !<br>जिसके यज्ञों का एक हव्य सौ-सौ पुत्रों का जनक रहा,<br>जिसके आँगन में भयाक्रांत धनपति बरसाता कनक रहा \|<br>जिसके पावन बलिष्ठ तन की रचना तन दे दधीचि ने की,<br>राघव ने वन-वन भटक-भटक जिस तन में प्राण प्रतिष्ठा की !<br>जौहर कुंडों में कूद-कूद सतियों ने जिसको दिया सत्त्व,<br>गुरुओं गुरुपुत्रों ने जिसमें चिर बलिदानी भर दिया तत्त्व !<br>ऐसे भारत के लिए भला क्या हम सब करने वाले हैं,<br>कह दो अम्बर से मिलकर, हम इतिहास बनाने वाले हैं ! | |
| **(i)** | उपर्युक्त कविता में मूल स्वर क्या है ?<br>(अ) इतिहास की महानता<br>(ब) शांति और सद्भाव की प्रार्थना<br>(स) भारत का यशोगान<br>(द) राष्ट्रीय एकता | 1 |
| **(ii)** | राघव ने वन-वन भटक-भटक जिस तन में प्राण प्रतिष्ठा की ...पंक्ति में किस पौराणिक-ऐतिहासिक घटनाक्रम का संकेत है ?<br><br>(अ)कृष्ण के गोकुल में रहने का  वर्णन<br>(ब) लंका पर वानरसेना के आक्रमण का<br>(स) पाण्डवों का वनवास<br>(द) राम का वनवास | 1 |
| **(iii)** | सागर की छाती पर पाषाणों को तैराया है ...प्रसंग में पाषाण का अर्थ होगा ?<br>(अ)सोना<br>(ब) बर्फ<br>(स) पत्थर | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (द) वीर | |
| **(iv)** | बलिदान की अनुभूति का भाव किस पंक्ति में व्यक्त हुआ है ?<br>(अ)गुरुओं गुरुपुत्रों ने जिसमें चिर बालिदानी भर दिया तत्त्व<br>(ब) हर वर्तमान की पीड़ा को जिसने इतिहास बनाया है<br>(स) जिसके आर्यों ने घोष किया कृण्वन्तो विश्वं आर्यम का<br>(द) जिसका गौरव कम कर न सकी रावण की स्वर्णमयी लंका | 1 |
| **(v)** | संज्ञा का अर्थ होगा ?<br>(अ)नाम देना<br>(ब) विशेष बनाना<br>(स) काम करना<br>(द) आवाज़ देना | 1 |
| | अथवा | |
| | "तन समर्पित , मन समर्पित<br>और यह जीवन समर्पित<br>चाहता हूँ देश की धरती , तुझे कुछ और भी दूँ ।<br>माँ तुम्हारा ऋण बहुत है , मैं अकिंचन ,<br>किंतु इतना कर रहा, फिर भी निवेदन –<br>थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब ,<br>कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण ,<br>गान अर्पित, प्राण अर्पित<br>चाहता हूँ देश की धरती , तुझे कुछ और भी दूँ ।<br>माँज दो तलवार को लाओ न देरी ,<br>बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी ,<br>भाल पर मल दो, चरण की धूल थोड़ी ,<br>शीश पर आशीष की छाया घनेरी ,<br>स्वप्न अर्पित ,प्रश्न अर्पित<br>आयु का क्षण-क्षण समर्पित,<br>चाहता हूँ देश की धरती , तुझे कुछ और भी दूँ ।" | **(1x5)** |
| **(i)** | कवि अपने देश के लिए क्या-क्या समर्पित करना चाहता है ?<br>(अ)तन<br>(ब) मन | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (स) जीवन<br>(द) सर्वस्व | |
| **(ii)** | कवि किस भेंट को स्वीकार करने का निवेदन देश की धरती से कर रहा है :<br>(अ)स्वयं का बलिदान<br>(ब) शत्रु का शीश<br>(स) धन-संपत्ति से भरा थाल<br>(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं | 1 |
| **(iii)** | मा तुम्हारा ऋण बहुत है , मैं अकिंचन , -- पंक्ति मे अकिंचन का क्या अर्थ है ?<br>(अ)कंचन से भरा हुआ<br>(ब) वीरता से भरा हुआ<br>(स) दरिद्र<br>(द) बलिदानी | 1 |
| **(iv)** | काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित केंद्रीय भावों पर विचार कीजिए -<br>(i)देशभक्ति की भावना<br>(II) परमार्थ की भावना<br>(III) उदारता की भावना<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / कौन-से सही हैं ।<br>(अ)केवल I<br>(ब) केवल III<br>(स) II और III<br>(द) I और II | 1 |
| **(v)** | मस्तक पर आशीर्वाद की घनी छाया – इस प्रकार के भाव कविता की किस पंक्ति में निहित हैं ?,<br>(अ)थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब<br>(ब) शीश पर आशीष की छाया घनेरी<br>(स) आयु का क्षण-क्षण समर्पित,<br>(द) भाल पर मल दो, चरण की धूल थोड़ी | 1 |
| प्रश्न संख्या | <u>अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न</u> | अंक **(05)** |
| प्रश्न **3.** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए **:** | **(1x5)** |
| **(i)** | छापाखाना के आविष्कारक कौन थे ?<br>(अ) इटली के डेविड जेम्स<br>(ब) रूस के क्रिस्टोफर | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (स) जर्मनी के गुटेनबर्ग<br>(द) चीन के वांगचू | |
| **(ii)** | रेडियो समाचार की संरचना के लिए प्रयुक्त प्रचलित शैली कौन-सी है :<br>(अ)एकरेखीय शैली<br>(ब) सीधा पिरामिड शैली<br>(स) औपचारिक शैली<br>(द) उलटा पिरामिड शैली | 1 |
| **(iii)** | कॉलम 'क' का कॉलम 'ख' से उचित मिलान कीजिए –<br>कॉलम 'क' कॉलम 'ख'<br>(i)नेट साउंड (i) सीधा प्रसारण<br>(ii) समाचार लेखन (ii) समाचार पत्र<br>(iii) जनसंचार माध्यम (iii)प्राकृतिक आवाज़े<br>(iv) लाइव (iv) उलटा पिरामिड शैली<br>(1) (i)-(iii) , (ii)-(iv), (iii)-(i), (iv)-(ii)<br>(ब) (i)-(iii) , (ii)-(iv), (iii)-(ii), (iv)-(i)<br>(स) (i)-(iv) , (ii)-(iii), (iii)-(i), (iv)-(ii)<br>(द) (i)-(iii) , (ii)-(i), (iii)-(iv), (iv)-(ii) | 1 |
| **(iv)** | निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र प्रत्रकार  है ?<br>(अ)फ्रीलांसर<br>(ब) संवाददाता<br>(स) सम्पादक<br>(द) पूर्णकालिक पत्रकार | 1 |
| **(v)** | मीडिया की भाषा में 'बीट' किसे कहते है ?<br>(अ)पत्रकारों में काम का बँटवारा ।<br>(ब) विशेष लेखन का सबसे सरल प्रकार ।<br>(स) समाचार लेखन की शैली<br>(द) संवाददाताओं की रुचि के अनुसार काम का विभाजन । | 1 |
| प्रश्न संख्या | <u>पाठ्य पुस्तक आरोह भाग **-2** पर आधारित प्रश्न</u> | अंक **(10)** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न **4** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर हेतु सही उत्तर के विकल्प का चयन कीजिए :-<br>" सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना<br>मैं पेंच को खोलने के बजाए<br>उसे बेतरह कसता चला जा रहा था<br>क्यों कि इस करतब पर मुझे<br>साफ सुनाई दे रही थी<br>तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह ।<br>आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था<br>ज़ोर ज़बरदस्ती से<br>बात की चूड़ी मर गई<br>और वह भाषा में बेकार घूमने लगी !<br>हार कर मैंने उसे कील की तरह<br>उसी जगह ठोक दिया ।" | (1x5) |
| **(i)** | प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन हैं ?<br>(अ)शमशेर बहादुर सिंह<br>(ब) उमाशंकर जोशी<br>(स) कुँवर नारायण<br>(द) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **(ii)** | "साफ सुनाई दे रही थी<br>तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह ।" यहाँ तमाशबीन शब्द किनके लिए आया है ?<br>(अ)झूठी वाहवाही करने वाले प्रशंसक पाठक<br>(ब) कवि को प्रोत्साहन देने वाले उसके मित्र<br>(स) कविता की गंभीरता के जानकार कवि<br>(द) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं । | 1 |
| **(iii)** | "बात की चूड़ी मर गई' से क्या आशय है ?<br>(अ)बात और ज्यादा बेसहारा हो गई ।<br>(ब) बात और सहज हो गई ।<br>(स) कविता का भाव स्पष्ट हो गया ।<br>(द) बात का प्रभाव समाप्त हो गया । | 1 |
| **(iv)** | कवि के सामने कौन-सी मुश्किल थी जिसे वह समझ नही पा रहा था ?<br>(अ) अपनी बात को अभिव्यक्त करने में प्रसन्न कैसे रहें । | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ब) अपनी बात को कठिन शब्दों से प्रभावी कैसे बनाया जाए ।<br>(स) अपनी बात को सहज, सरल शब्दों के सहारे कैसे अभिव्यक्त किया जाए ।<br>(द) अपनी बात से सबको गुमराह कैसे किया जा सकता है । | |
| **(v)** | बात को कील की तरह ठोकने का क्या अभिप्राय है ?<br>(अ)अभिव्यक्ति की सफलता<br>(ब) भाषा के साथ ज़बरदस्ती करना<br>(स) शब्दों का प्रभावी प्रयोग<br>(द) बात का आलंकारिक प्रयोग | 1 |
| प्रश्न **5.** | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर हेतु सही उत्तर के विकल्प का चयन कीजिए **:-**<br>"बाज़ार में एक जादू है । वह जादू आँख की राह काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है , वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो , और मन खाली हो , ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा । मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा । कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है ! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ । सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है । पर यह सब जादू का असर है । जादू की सवारी उतरी की पता चलता है कि फैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती , बल्कि खलल ही डालती है । थोड़ी देर को स्वाभिमान को ज़रूर सेंक मिल जाता है पर इससे अभिमान की गिल्टी की और खुराक ही मिलती है । जकड़ रेशमी डोरी की हो तो रेशम के स्पर्श के मुलायम के कारण क्या वह कम जकड़ होगी ? पर उस जादू की जकड़ से बचने का एक सीधा-सा उपाय है । वह यह कि बाज़ार जाओ तो खाली मन न हो । मन खाली हो, तब बाज़ार न जाओ ।" | **(1x5)** |
| **(i)** | बाज़ार के जादू का असर सबसे ज्यादा कब होता है ?<br>(अ)जेब खाली हो , और मन खाली हो | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ब) जेब भरी हो , और मन भरा हो<br>(स) जेब भरी हो , और मन खाली हो<br>(द) जेब खाली हो , और मन भरा हो | |
| **(ii)** | बाज़ार का जादू उतरने पर क्या स्थिति होती है ?<br>(अ)मन व्याकुल हो जाता है ।<br>(ब) अभिमान की गिल्टी की खुराक मिलती है ।<br>(स) स्वाभिमान को सेंक मिलता है ।<br>(द) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं । | 1 |
| **(iii)** | बाज़ार के जादू से बचने का उपाय क्या है ?<br>(अ)बाज़ार जाओ तो मन खाली हो ।<br>(ब) बाज़ार जाओ तो खाली मन न हो ।<br>(स) बाज़ार जाओ तो मन और जेब खाली हो ।<br>(द) बाज़ार जाओ तो मन प्रसन्न होना चाहिए । | 1 |
| **(iv)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प का चुनाव कीजिए :-<br>कथन (A) जकड़ रेशमी डोरी की हो तो रेशम के स्पर्श के मुलायम के कारण क्या वह कम जकड़ होगी ?<br>कारण (R) बाज़ार के जादू की जकड़ बाहर से सुखद लेकिन मन को ठेस पहुँचाने वाली होती है ।<br>(अ)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।<br>(ब) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।<br>(स) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।<br>(द) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है । | 1 |
| **(v)** | निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए -<br>(i)फैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में खलल डालती है ।<br>(II) मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा<br>(III) बाजार का जादू आँख की राह काम करता है<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / कौन-से सही हैं ।<br>(अ)केवल I<br>(ब) केवल III<br>(स) II और III<br>(द) I , II और III | 1 |

| प्रश्न संख्या | <u>पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग -2 पर आधारित प्रश्न</u> | अंक (10) |
|---|---|---|
| प्रश्न 6. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु दिए गए विकल्प में से सही उत्तर का चयन कीजिए | (1x10) |
| (i) | यशोधर पंत का सबसे बड़ा लड़का क्या काम करता था ?<br>(अ)सचिवालय में बाबू के पद पर ।<br>(ब) खाद्य विभाग में सहायक पद पर ।<br>(स) प्रमुख विज्ञापन संस्था में नौकरी ।<br>(द) बिजली विभाग में अभियंता । | 1 |
| (ii) | किशनदा के अनुसार सिद्धांत के धनी व्यक्ति की क्या निशानी है ?<br>(अ)आलोचना को अनसुना करना<br>(ब) दूसरों की प्रशंसा करना<br>(स) परोपकार करना<br>(द) हमेशा मंदिर जाना और पूजा करना | 1 |
| (iii) | कहानी 'सिल्वर वैडिंग' के अनुसार पात्र यशोधर पंत की शादी किस तारीख को हुई थी ?<br>(अ)4 जनवरी , 1947<br>(ब) 5 अप्रैल , 1946<br>(स) 8 मार्च , 1947<br>(द) 6 फरवरी , 1947 | 1 |
| (iv) | आनंदा की कक्षा में सबसे होशियार लड़के का नाम था :-<br>(अ)केशव कुमार<br>(ब) गिरीश<br>(स) वसंत पाटील<br>(द) यशवंत पंत | 1 |
| (v) | आनंदा को कविता की बारीकियों से अवगत करवाने वाले अध्यापक का नाम था :-<br>(अ)न.वा.सौंदलगेकर<br>(ब) बा.भ. बोरकर<br>(स) भा.रा. ताँबे<br>(द) वी.डी. सावरकर | 1 |
| (vi) | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -<br>(i)आनंदा की पढ़ने- लिखने की बात पर पिता जंगली सूअर की तरह गुर्राता था\| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (II) आनंदा के पिता का नाम रतनाप्पा था ।<br>(III) आनंदा के पिताजी खेत में बहुत परिश्रम करते थे ।<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / कौन-से सही हैं ।<br>(अ)केवल I<br>(ब) केवल II<br>(स) I और II<br>(द) II, और III | |
| **(vii)** | दत्ता जी राव देसाई नामक पात्र कौन थे ?<br>(अ)आनंदा को पढ़ाने वाले अध्यापक<br>(ब) आनंदा के पिता के मित्र<br>(स) आनंदा की पढ़ाई जारी रखने में उसका साथ देने वाला<br>(द) आनंदा की कक्षा का बालक | 1 |
| **(viii)** | ताम्र काल के शहरों में सबसे बड़ा शहर हैं :-<br>(अ)मोहनजोदड़ो<br>(ब) हड़प्पा<br>(स) सिंधु सभ्यता<br>(द) रोपड़ | 1 |
| **(ix)** | निम्नलिखित में से कौन-सा/से शहर 'ग्रिड शैली' के शहर हैं ?<br>(अ)चंडीगढ़ और फरीदाबाद<br>(ब) इस्लामाबाद और हैदराबाद<br>(स) जयपुर और इलाहाबाद<br>(द) चंडीगढ़ और इस्लामाबाद | 1 |
| **(x)** | सिंधु घाटी सभ्यता को कहा जाता है ?<br>(अ)लोक-संस्कृति<br>(ब) जल-संस्कृति<br>(स) ग्रामीण-संस्कृति<br>(द) प्राचीन-संस्कृति | 1 |
| | खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| प्रश्न संख्या | <u>जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न</u> | अंक **(16)** |
| प्रश्न **7.** | निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (शब्द सीमा-120) रचनात्मक लेख लिखिए :-<br>● जी-20 देशों के सम्मेलन से भारत को लाभ | **(6x1=6)** |

| | | |
|---|---|---|
| | • चीन में संपन्न एशियाई खेलों में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन<br>• हमारे दैनिक जीवन के तनाव<br>• विद्यालयों में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के लाभ | |
| प्रश्न **8.** | निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही दो प्रश्नो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - | **(2x2=4)** |
| (i)<br><br>(ii)<br><br>(iii) | कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए ।<br><br>रेडियो नाटक किसे कहते हैं ? रेडियो नाटक की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।<br><br>अप्रत्याशित विषय पर लेखन की चुनौतियों पर प्रकाश डालिए । | |
| प्रश्न **9.** | निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही दो प्रश्नो के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए :- | **(3x2=6)** |
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br><br>**(iii)** | समाचार लेखन की उल्टा पिरामिड शैली को अपने शब्दों में लिखिए \|<br><br>फ़ीचर क्या है ? फीचर लेखन , समाचार लेखन से फ़ीचर लेखन किस प्रकार भिन्न है ?<br><br>जनसंचार किसे कहते हैं ? जनसंचार माध्यम के प्रकार और प्रत्येक माध्यम के दो उदाहरण लिखिए \| | |
| प्रश्न संख्या | <u>पाठ्य पुस्तक आरोह भाग **-2** आधारित प्रश्न</u> | अंक **(20)** |
| प्रश्न **10.** | काव्य खंड आधारित निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :- | **(3x2=6)** |
| **(i)**<br><br>**(ii)** | सुत बित नारि भवन परिवारा , होहि जाहि जग बारहि बारा ।<br>पंक्ति में किस प्रकार के भाव व्यक्त हुए हैं? लक्ष्मण-मूर्छा और राम का विलाप प्रसंग के आधार पर उत्तर दीजिए । | |

| | | |
|---|---|---|
| **(iii)** | 'दिन जल्दी -जल्दी ढलता है' कविता की केंद्रीय भावना (सन्देश) क्या है?<br><br>पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास ...'पतंग' शीर्षक कविता के आधार पर इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये \| | |
| प्रश्न **11.** | काव्य खड आधारित निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए :- | **(02x2= 4)** |
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br><br>**(iii)** | कविता के सदर्भ मे 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं ?<br><br>कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है – विचार कीजिए ।<br>छोटे चौकोने खेत को कागज़ का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित है ? 'छोटा मेरा खेत' शीर्षक कविता के आधार पर उत्तर दीजिए । | |
| प्रश्न **12.** | गद्य खड आधारित निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :- | **(03x2= 6)** |
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br><br>**(iii)** | भक्तिन की बेटी पर पचायत द्वारा जबरन पति थोपा जाना किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत करता है ? 'भक्तिन' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।<br>'काले मेघा पानी दे' संस्मरण में लोक-प्रचलित विश्वास और विज्ञान के द्वंद्व का सुंदर चित्रण है । कैसे ?<br>कला की प्रासंगिकता व्यवस्था की मुखापेक्षी है अथवा उसका कोई स्वतंत्र मूल्य भी है? कथन की कहानी 'पहलवान की ढोलक' के आधार पर समीक्षा कीजिए । | |
| प्रश्न **13.** | पाठ्य पुस्तक आरोह के गद्य पाठो पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए **:-** | (02x2= 04) |

| | | |
|---|---|---|
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br><br>**(iii)** | जाति-प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण करती है ।<br>इस कथन को 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' नामक पाठ के आधार पर बताइए ।<br><br>लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है? 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।<br>डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की कल्पना के आदर्श-समाज के मूल आधार कौन-कौन-से हैं ? | |
| प्रश्न संख्या | <u>पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग **-2** पर आधारित प्रश्न</u><br><br>(शब्द सीमा 40 शब्द प्रत्येक ) | अक **(04)** |
| प्रश्न **14.** | निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें – | 2X2=04 |
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br><br>**(iii)** | सिल्वर वैडिंग पाठ में यशोधर बाबू को कुछ बातें सम हाउ इम्प्रोपर लगती हैं \| ऐसी कोई दो बातें लिखिए\|<br>जूझ पाठ में लेखक आनंद यादव की पढाई में दत्ता जी राव देसाई की क्या भूमिका थी ?<br>सिन्धु सभ्यता साधन सम्पन्न थी पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था … कैसे ? उदाहरण या तर्क सहित लिखें \| | |